आज का मौसम

अक्टूबर की शुरुआत में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। सुबह आसमान साफ रहने के बाद दोपहर में तेज धूप लोगों को गर्मी का अहसास करा रही है। मौसम के मिजाज गरम बने हुए हैं, जिससे उमस हो रही है।

दिनांक	अधिकतम	न्यूनतम
झाबुआ		
23 अक्टूबर	33.5	18.6
24 अक्टूबर	33.7	18.4
धार		
23 अक्टूबर	33.7	18.5
24 अक्टूबर	33.8	18.7
आलीराजपुर		
23 अक्टूबर	33.4	18.4
24 अक्टूबर	33.8	18.5

पूर्वानुमान डिग्री सेल्सियस में

// प्रणाम //
झाबुआ

- झाबुआ के श्री हनुमान टेकरी मंदिर में रात 8.00 बजे आरती होगी।
- श्री राजराजेश्वर महादेव चित्रगुप्त मंदिर में सुबह 7.30 और शाम 6.45 आरती होगी।

हमें दें कार्यक्रमों की सूचना

सांस्कृतिक, सामाजिक, शैक्षणिकी आदि आयोजनों से जुड़ी जानकारी हमें नंबर 96303-01219 पर वाट्सएप करें।

इस बार माही नहर से मिलेगा दो बार पानी

फजीहत ● वर्षा की कमी से माही बांध और जल संसाधन विभाग के तालाबों में नहीं भर पाया पर्याप्त पानी

नईदुनिया न्यूज, पेटलावद : पेटलावद ब्लाक में किसान इन दिनों रबी की फसलों की तैयारी में जुट गए हैं। खरीफ की सोयाबीन फसल की कटाई के बाद खेतों में गेहूं और चने की बुवाई की तैयारियां तेज हो गई हैं। किसान ट्रैक्टरों से खेतों की हकाई-जुताई कर जमीन को बुवाई के लिए तैयार कर रहे हैं। कई किसानों ने गेहूं की बुवाई के लिए बीज तैयार कर लिए हैं, वहीं क्षेत्र में चने की बुवाई भी शुरू हो गई है। हालांकि, इस बार रबी की फसलों के लिए सिंचाई का पानी किसानों के सामने अहम चुनौती बन सकता है। वर्षा की कमी के चलते माही बांध में पर्याप्त जलभराव नहीं हो पाया है। ऐसे में माही नहर से किसानों को इस बार चार के बजाय केवल दो बार पानी दिए जाने की बात सामने आ रही है। रबी की फसलों के लिए सिंचाई का पानी बेहद महत्वपूर्ण होता है। पेटलावद क्षेत्र में गेहूं की फसल प्रमुखता से ली जाती है, जिसके लिए समय-समय पर सिंचाई की आवश्यकता होती है। पहले माही नहर के माध्यम से किसानों को चार बार पानी उपलब्ध कराया जाता था, लेकिन इस वर्ष वर्षा की कमी के कारण माही बांध में अपेक्षाकृत कम पानी जमा हो पाया है। इसके चलते इस बार नहर से केवल दो बार ही पानी मिलने की संभावना है।

बोवनी के बाद सिंचाई के लिए पानी की कमी है।● नईदुनिया

मजदूरी की दरें अलग-अलग

इस बार कृषि मजदूरों की मजदूरी भी किसानों के लिए खर्च बढ़ाने वाला विषय है। खेत तैयार करने के काम के लिए ही मजदूर 200 रुपये प्रतिदिन से कम मजदूरी पर मिलने को तैयार नहीं हैं। वहीं, बुवाई, कटाई और अन्य कृषि कार्यों के लिए मजदूरी की दरें अलग-अलग हैं। ऐसे में किसानों को खेती की तैयारी के साथ बढ़ती लागत का भी ध्यान रखना पड़ रहा है।

खरीफ के बाद अब रबी से उम्मीदें

क्षेत्र में इस वर्ष खरीफ की फसल का उत्पादन उम्मीद के मुताबिक नहीं

तालाबों में भी कम जलभराव नहरों की सफाई जारी

माही बांध के साथ जल संसाधन विभाग के तालाबों में भी इस वर्ष अपेक्षाकृत कम पानी जमा हुआ है। इन तालाबों से जुड़ी नहरों के माध्यम से होने वाली सिंचाई के लिए भी पानी की उपलब्धता सीमित रहने की आशंका है। फिलहाल क्षेत्र में नहरों की साफ-सफाई का काम किया जा रहा है, ताकि सिंचाई के दौरान पानी का प्रवाह सुचारू बना रहे। रबी की बुवाई का समय नजदीक होने के कारण नहरों की सफाई और सिंचाई व्यवस्था किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। खरीफ की फसल की कटाई के बाद अब खेतों में ट्रैक्टरों की आवाजाही बढ़ गई है।

रहने से किसान पहले से ही टूटे हुए हैं, हालांकि किसानों को गेहूं और चने की फसल से बेहतर उत्पादन की उम्मीद है।

किसानों के सामने दोहरी चुनौती है। एक ओर समय पर बुवाई कर अच्छी फसल लेने की तैयारी है तो दूसरी ओर माही बांध और जल संसाधन विभाग के तालाबों में कम जलभराव के कारण सिंचाई के सीमित विकल्पों की चिंता भी है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि उपलब्ध पानी का प्रबंधन किस तरह किया जाता है और इससे रबी की फसलों पर कितना असर पड़ता है।

वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई झाबुआ ने किया आयोजन

डांडिया उत्सव में की माता रानी की आराधना

नईदुनिया प्रतिनिधि, झाबुआ : वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई झाबुआ द्वारा बुधवार को शहर के मध्य स्थित निजी गार्डन में डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई की सभी बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी महिलाएं गरबा परिधान में सज-धजकर पहुंचीं और सर्वप्रथम माता रानी की आरती उतारकर पूजा-अर्चना की।

इसके पश्चात महिलाओं ने गरबा कर उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान लकी ड्रा भी निकाले गए, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस बार महिला इकाई द्वारा आयोजन में एक नई पहल की गई। इसके अंतर्गत शहर की अन्य महिलाओं को भी अतिथि के रूप में

महिलाओं ने डांडिया उत्सव का धूमधाम से आयोजन किया।● नईदुनिया

आमंत्रित किया गया। इकाई की प्रत्येक सदस्य को अपने साथ एक अन्य महिला सदस्य को लाने का अवसर दिया गया, जिससे आयोजन में आपसी मेल-मिलाप और सहभागिता को बढ़ावा मिला। सभी महिलाओं ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया तथा कार्यक्रम के अंत में प्रसादी ग्रहण की।

उल्लेखनीय है कि वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई द्वारा पिछले चार वर्षों से लगातार प्रत्येक नवरात्र में डांडिया उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एक साथ लाकर धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना है। इकाई द्वारा आने वाले वर्षों में भी इस परंपरा को निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

आयोजन में इकाई की जिला अध्यक्ष सुनीता बाबेल, जिला सहसचिव सोनल बाबेल, नगर अध्यक्ष ऋतु सोडानी, नगर उपाध्यक्ष शैलू बाबेल, नगर सचिव मीना सोनी, नगर कोषाध्यक्ष अर्चना माहेश्वरी सहित इकाई की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। इस दौरान सामाजिक महासंघ के महिला इकाई की अध्यक्ष शीतल जादौन विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

नईदुनिया
जाहिर सूचना विज्ञापन दर

विज्ञापन साइज	इंदौर	ग्रेटर इंदौर
4x6	₹ 5000	₹ 6000
4x9	₹ 7000	₹ 8000
4x12	₹ 11000	₹ 12000

जाहिर सूचना विज्ञापन दर प्रति स्के. सेमी.

इंदौर	₹ 300/- प्रति स्के. सेमी.
ग्रेटर इंदौर	₹ 400/- प्रति स्के. सेमी.

*जीएसटी अतिरिक्त, नियम एवं शर्तें लागू
बुकिंग हेतु संपर्क करें
9109165972, 9340580409, 0731-4711114/115/119

गूगल मैप ने गलत रास्ता बताया

पेटलावद मार्ग पर पलटी कार, बुजुर्ग दंपती घायल

नईदुनिया न्यूज, पेटलावद : झाबुआ जिले के पेटलावद-बामनिया मार्ग पर गुरुवार सुबह बड़ा सड़क हादसा टल गया। राजकोट से चित्रकूट की यात्रा पर निकले एक बुजुर्ग दंपती की कार (जीजे.03.पीआर 5319) दुल्लाखेड़ी के समीप अनियंत्रित होकर सड़क पर दो पलटी खा गई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि बुजुर्ग दंपती घायल हो गए।

कार चालक सूरज राठौर ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि वे अपने दादा राजेंद्रसिंह राठौर और दादी नंदी राठौर के साथ राजकोट (गुजरात) से चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) जा रहे थे। सफर के दौरान वे नेविगेशन के लिए गूगल मैप का इस्तेमाल कर रहे थे। मैप के बताए गए रूट के अनुसार ही वे इस अनजान मार्ग पर पहुंचे थे।

अचानक मोड़ आने से हुआ हादसा दुल्लाखेड़ी के पास सड़क पर

घायल दंपती का इलाज किया गया।

एक तीखा मोड़ था, जिसकी सही जानकारी समय पर न मिल पाने के कारण कार अचानक अनियंत्रित हो गई। नियंत्रण खोने से कार सड़क पर दो बार पलट गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके टायर भी फट गए। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मानवता का परिचय देते हुए तुरंत राहत कार्य शुरू किया। ग्रामीणों की मदद से घायल बुजुर्ग दंपती को तत्काल उपचार के लिए पेटलावद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

दो जगह कार्रवाई,607 किलो गांजा जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, झाबुआ : पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान में कालीदेवी और पेटलावद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दो अलग-अलग कार्रवाई में पुलिस ने कुल 607.09 किलो अवैध गांजा जब्त किया है, जिसकी बाजार कीमत 60 लाख 30 हजार 825 रुपये है।

पहली कार्रवाई थाना कालीदेवी में हुई। यहां ग्राम छापरी में आरोपित गोपाल पुत्र रतना मोरी अपने खेत में तुअर और कपास के बीच गांजे की खेती कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर 240 पौधे जब्त किए। वजन 80.15 किलो, कीमत 7,61,425 रुपये है। इस कार्रवाई में एसडीओपी मोनिका सिंह और थाना प्रभारी आरसी भास्करे के नेतृत्व में एसआई बलराम सिंगाड़, एएसआई संजय राव, प्रधान आरक्षक महेंद्र चौहान, राकेश गिरवाल, तेरसिंह अखाड़िया, अनिल चौहान और महिला प्रधान आरक्षक शीला रावत शामिल रहे।

दूसरी कार्रवाई थाना पेटलावद में हुई। इसमें पुलिस चौकी सारंगी क्षेत्र के ग्राम हिम्मतगढ़ में आरोपित गलिया पिता भेरू डामर ने अपने तीन ठिकानों पर मालवाला खेत में कपास-तुअर के बीच, माही नदी के

कालीदेवी पुलिस ने गांजा जब्त किया।● नईदुनिया

सारंगी चौकी ने तीन जगह से गांजा जब्त किया।● नईदुनिया

पास तलाई वाले खेत में मक्का की कड़ब के नीचे और घर में गांजा छिपा रखा था।

यहां से कुल 526.94 किलो गांजा और 1,512 पौधे मिले, कीमत 52,69,400 रुपये है। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई एसडीओपी अनुरक्ति सबनानी और थाना प्रभारी निर्भय सिंह भूरिया के मार्गदर्शन में एसआई दीपकराव देवरे, प्रहलाद सिंह चुंडावत, एएसआई लाखनसिंह भाटी, शिवकुमार शर्मा और महेंद्र पटेल की टीम ने की। दोनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने 15 दिन में दूसरी बड़ी कार्रवाई की गई है। इसके पहले पारा क्षेत्र में राजगढ़ सीमा क्षेत्र में 10 करोड़ का गांजा जब्त किया था। मामले में तीन भाइयों पर केस दर्ज हुआ था।

कार्यालय कलेक्टर जिला खरगोन एवं समुचित सरकार
मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0024/अ-82/2025-26
क्रमांक/610/भू-अर्जन/2026 खरगोन, दिनांक : 14.10.2026

सार्वजनिक/व्यापक सूचना

''भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013'' (क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा-21

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम **ईशकपुरा तहसील महेश्वर जिला खरगोन** की भूमि का अधिग्रहण **बड़वाह-धामनोद के मध्य 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर निर्माण** के लिये किया जाना है। अत: आप स्वयं अथवा अपने अधिकृत मुख्तयार के मार्फत उपस्थित होकर अधोलिखित वर्णित भूमि जिसे सार्वजनिक प्रयोजन अर्थात **बड़वाह-धामनोद के मध्य 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर निर्माण** हेतु भूमि का अर्जन किया जा रहा है, भूमि पर अपने हित, अधिकार, मुआवजा राशि, भूमि पर अधिकार के फलस्वरूप मुआवजा में हित संबंधी दावे तथा भूमि के परिमाप/नप्ती संबंधी अथवा अन्य आपत्ति (यदि कोई हो) मय अभिलेखों, दस्तावेजों एवं प्रमाणों के साथ सूचना पत्र **जारी दिनांक से 30 दिवस में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग मण्डलेश्वर जिला खरगोन** में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। सूचना उपरांत अनुपस्थित रहने की दशा में यह माना जाकर कि, आपको कुछ नहीं कहना है व प्रकरण की कार्यवाही विवरण सही है, एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर निराकरण कर दिया जावेगा।

अनुसूची-1

भूमि का वर्णन :-

(क) जिला - खरगोन
(ख) तहसील - महेश्वर
(ग) ग्राम - **ईशकपुरा**
(घ) अर्जित रकबा - 3.9158 हेक्ट.

अनुसूची-2
निजी भूमि का विवरण

क्र.	भूमि स्वामी का नाम	खसरा नं.	अर्जित रकबा हेक्ट.	रिमार्क
01	02	03	04	05
1.	हरिश पिता सुनिल, मनोज पिता सुखदेव, टीना बेवा सुनिल, प्रकाश पिता सुखदेव जाति ब्राम्हण	20/1	0.0469	
2.	राजेंद्र सिंह पिता भुक्कण जाति राजपूत	22/1	0.0235	
3.	हरिश पिता सुनिल, मनोज पिता सुखदेव, टीना बेवा सुनिल, प्रकाश पिता सुखदेव जाति ब्राम्हण	19/1	0.4639	
4.	जगन्नाथ पिता राघोराम जाति भारूड	18/1/1	0.5635	
5.	कैलाश पिता राघोराम जाति भारूड	18/1/2	0.3415	
6.	दिनेश पिता राघोराम जाति भारूड	18/2/2	0.2857	
7.	घनश्याम पिता राघोराम जाति भारूड	18/3/2	0.2788	
8.	धनुबाई बेवा कालू, सदाशिव पिता कालू, इंदुबाई पिता कालु	15/2	0.2163	
9.	ब्रजलाल पिता नारायण, जगदीश पिता नारायण, प्रभाबाई बेवा अर्जुनसिंह, साधनाबाई पिता अर्जुनसिंह, देवेन्द्रसिंह पिता अर्जुनसिंह, शिलाबाई पिता अर्जुनसिंह जाति राजपूत	15/1/2/3	0.2586	
10.	पर्वत सिंह पिता गणपत जाति राजपूत	15/1/1/1	0.5939	
11.	मायाबाई पति लोकेन्द्र जाति राजपूत	13/2/2	0.2569	
12.	ताराबाई बेवा रतनलाल, चंद्रशेखर पिता रतनलाल, रजनी पिता रतनलाल, अशोक पिता रतनलाल जाति माली	13/1/1	0.2102	
13.	ताराबाई बेवा रतनलाल, चंद्रशेखर पिता रतनलाल, रजनी पिता रतनलाल, अशोक पिता रतनलाल जाति माली	12/1/1	0.1136	
14.	अशोक पिता रतनलाल जाति माली	12/1/2	0.1860	
15.	चंद्रशेखर पिता रतनलाल जाति माली	12/1/3	0.0462	
16.	अशोक पिता रतनलाल जाति माली	13/1/2	0.0303	
	कुल		**3.9158**	

हस्ता./- (गुरु प्रसाद)
कलेक्टर एव पदेन उपसचिव
म.प्र. माध्यम/128695/2026 म.प्र. शासन, राजस्व विभाग, जिला खरगोन (म.प्र.)

Bank of India
रिश्तों की जमापूंजी Relationship beyond banking
आंचलिक कार्यालय : स्टार हाउस, प्लॉट नं. 58 और 59, वसंत विहार कॉलोनी, वार्ड नं. 4, धार (म.प्र.), मोबाईल नं. 8787277135, 8103308377
ई-नीलामी बिक्री 26.11.2026

चल संपत्ति के विक्रय हेतु नोटिस

बैंक द्वारा वाहन दृष्टिबंधक अनुबंध के अंतर्गत चल संपत्ति की नीलामी दृष्टिबंधक अनुबंध के तहत वाहन सुरक्षित बैंक कब्जे में है। आम लोगो को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति - दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित वाहन जो की बैंक के पास दृष्टिबंधक या उसका कब्जा **बैंक ऑफ इंडिया** की प्राधिकृत एजेंसी द्वारा ले लिया गया है एवं वाहन को **''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार** पर उधारकर्ता और जमानतकर्ता से बैंक की बकाया **राशि** की वसूली हेतु बेचा जाएगा। पूर्ण विवरण निम्नानुसार है-

अंतिम तिथि EMD/Document करने के लिए 26.11.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक

क्रं.	शाखा का नाम/ मोबाइल नम्बर	शाखा का नाम/मोबाइल नम्बर/ बैंकनेट प्रॉपर्टी आईडी	आरक्षित धन राशि/ अग्रिम धनराशि वृद्धिशील धनराशि	वाहन का विवरण
1.	जोबट 7979869947	नवीन राठौड़ पिता टीकमचंद राठौड़ खाता संख्याः 884560510000056 BKIDDHARVEH213	रु. 6,75,000.00 रु. 67,500.00 रु. 10,000.00	Maruti Suzuki XL6, Smart Hybrid Zeta RC No. MP09WK1005 Chassis No. MA3CNC32SMK270740 Engine No.: K15BN9188621 Year of Make-2021
2.	जोबट 7979869947	नवीन राठौड़ पिता टीकमचंद राठौड़ खाता संख्याः 884560510000082 BKIDDHARVEH212	रु. 5,30,000.00 रु. 53,000.00 रु. 10,000.00	Maruti Suzuki Swift ZXI RC No. MP09ZT9429 Chassis No.: MBHCZCB3SPEC53955 Engine No.: K12NP1439477 Year of Make: 2023

उपर्युक्त परिसंपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री के लिए इस सार्वजनिक सूचना के अतिरिक्त, बैंक ऑफ इंडिया उक्त संपत्तियों को खरीदने के लिए केवल ऑनलाइन मोड में प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

नियम एवं शर्तें : 1. ई-नीलामी जहां है जैसा है के आधार पर, जो कुछ भी है वैसा ही आधार पर, जो कुछ भी है और बिना किसी सहारा के आधार पर आयोजित की जा रही है: और ऑनलाइन आयोजित की जाएगी, ई-नीलामी बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित ई-नीलामी सेवा प्रदाता के माध्यम से आयोजित की जाएगी जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है 2. इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम पोर्टल **https://bankeauctions.com** पर पंजीकृत करना चाहिए और अपनी उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना चाहिए, भावी बोलीदाता बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता, सेवा प्रदाता **M/s PSB Alliance** से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। वेब पोर्टल द्वारा आयोजित किया जाएगा: **https://baanknet.com** ऑनलाइन नीलामी बिक्री निविदा दस्तावेज, ऑनलाइन ई-नीलामी निविदा फॉर्म, घोषणा फॉर्म, नियम और शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। कृपया बिक्री के नियमों और शर्तों के विवरण के लिए बैंक ऑफ इंडिया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी **www.bankofindia.co.in** और **https://baanknet.com** (वेबसाइट विवरण) पर जाएं। यह प्रकाशन ऋणी को 7 दिवसीय सूचना भी है। **संपर्क उपरोक्त शाखा के साथ मोबाइल नं. पर संपर्क करें या** प्रबंधक एआरडी, बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय धार।

वाहन निरीक्षण दिनांक एवं समय : 25.11.2026 तक (पूर्व में लिए गए समय अनुसार)

स्थान : धार, दिनांक : 23.10.2026 प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया, धार

निजी
शोक संदेश

जन्म: 6 जनवरी, 1929 | निधन: 19 अक्टूबर, 2026
हमारे आदरणीय
श्री दिलीपसिंह (भाऊसाहेब) जगताप
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्णकर प्रभु चरणों में लीन हो गये हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।
शोकाकुल - जगताप परिवार
पौ चौपाटी, धार

अंतिम यात्रा

स्व. श्री कनकमलजी सुंदेचा के सुपुत्र एवं अरुण, अभय, अशोक के बड़े भाई एवं रोहन के पूज्य पिताजी, ओजस्व, चंद्रेश, आकाश के बड़े पापा
श्री महेन्द्रप्रतापसिंहजी सुंदेचा (एडव्होकेट)
का स्वर्गवास 22 अक्टूबर, गुरुवार को हो गया।
अंतिम यात्रा 23 अक्टूबर, शुक्रवार को प्रातः 9 बजे हमारे निज निवास 9, जवाहर मार्ग, बदनावर, जिला धार से निकलेगी।
शोकाकुल
सुंदेचा परिवार

विज्ञापन साइज	इंदौर सिटी	ग्रेटर इंदौर	प्रत्येक जिला
निजी रनिंग (30 शब्द)	₹800	₹2000	₹800
फिक्स साइज 4x6 निजी	₹2000	₹2500	₹1500
फिक्स साइज 4x8	₹5000	₹6000	₹2500
फिक्स साइज 8x8	₹8500	₹12000	₹4000
फिक्स साइज 8x12	₹13000	₹15000	
फिक्स साइज 12x15	₹22000	₹30000	
फिक्स साइज 12x20	₹35000	₹40000	
फिक्स साइज 16x25	₹60000	₹75000	
अन्य साइज (प्रति स्के. सेमी.)	₹160	₹200	₹75